तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 नवरात्रि के प्रथम दिन विधायक ने किए मां...



12 दक्षिण कोशल की सांस्कृतिक परंपरा में कलचुरी ...



नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

गणपति विसर्जन के बाद नवरात्र के दौरान पालिका ने चलाया महामाया तालाब में विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गणपति विसर्जन के दौरान शहर के प्रमुख आस्था केंद्र मां महामाया तालाब में फैले कचरे और अवशेषों को देखते हुए नगर पालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। नवरात्रि के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा इस ऐतिहासिक तालाब की विशेष सफाई का बीड़ा उठाया गया, जिसे युद्ध स्तर पर पूरा किया गया है। हाल ही में चलाए गए इस वृहद सफाई अभियान का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रभारी दिलीप चंद्राकर, सफाई सुपरवाइजर जीतू सोनी, गोपाल सोना सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे और सफाई कार्य में जुटे रहे।

साहू ने कहा है कि महामाया तालाब शहरवासियों की आस्था का केंद्र है। मां महामाया के दर्शन के लिए नगर सहित दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में तालाब में गंदगी होने से आस्था को ठेस पहुंचती है। तालाब की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से निवेदन किया कि हवन सामग्री, हूम धूप और पूजा सामग्री को तालाब में न डाले बल्कि उसके लिए निर्धारित कुंड में ही विसर्जित करें। पीओपी की मूर्तियो का विसर्जन तालाब में न करें।

नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा



तालाब से निकला दो डंपर कचरा

सफाई अभियान के दौरान कर्मचारियों ने घंटों कड़ी मशक्कत कर तालाब की स्थिति सुधारी। इस दौरान तालाब के भीतर और तटों से भारी मात्रा में पूजा सामग्री व अपशिष्ट बाहर निकाला गया। निकाले गए कचरे में मुख्य रूप से गणेश प्रतिमाओं के अवशेष एवं विसर्जन सामग्री, हवन सामग्री एवं नारियल के छिलके, पॉलीथिन और प्लास्टिक की बोरियां, प्लास्टर ऑफ पेरिस (POP) से बनी मूर्तियां शामिल थीं। अभियान के अंत तक तालाब से कुल दो डंपर कचरा बाहर निकाला गया, जिसके बाद जाकर तालाब ने राहत की सांस ली। आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं और स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए शहरवासियों से कहा कि धार्मिक आयोजनों और विसर्जन के दौरान जल स्रोतों की पवित्रता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि महामाया तालाब जैसी धरोहरों का प्राकृतिक स्वरूप सुरक्षित रह सके।

अपराध : सभी आरोपी गिरफ्तार, सांकरा थाना में मामला दर्ज

कार की पिछली सीट में 12 लाख का गांजा छिपाकर ले जा रहे थे 4 तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कार से गांजा तस्करी कर रहे ओडिशा के 4 लोगों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से23.500 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत तकरीबन 11लाख 75 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के विरुध्द सिंघोड़ा थाना में नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और जेल भेज दिया गया है।



जिले में पुलिस द्वारा जारी लगातार चेंकिंग कार्रवाई के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक किआ कैरेंस कार क्रमांक ओडी 02 सीटी 3301 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अंतरराज्यीय चेक-पोस्ट एनएच-53 पहुंचकर नाकाबंदी गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये संदेही वाहन नंबर की एक किआ कैरेंस कार को रोका गया। कार मे 04 व्यक्ति बैठे थे।

नाम पता पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम स्वागत महाकुल पिता अमरेश महाकुल (26 साल) डिमरीपाली थाना बाउसुनी जिला बौध (ओडिशा), केशव गाई गौउरिया पिता अभि गाई गौउरिया (32 साल) डिगी थाना मनोमुंडा जिला बौध (ओडिशा), मनतोष पौड पिता नरेंद्र पौड (28 साल) सोभापावली थाना मनोमुंडा जिला बौध (ओडिशा) और रविंद्र बस्तिया पिता खगेश्वर बस्तिया (26 साल) गोपालपुर थाना मनोमुंडा जिला बौध (ओडिशा) बताए। पूछताछ करने पर गोलमोल जबाव देने लगे, कड़ाई से पूछताछ करने पर कार के पीछे सीट में सफेद रंग के बोरी में गांजा होना बताये। जिसे वे जिला बौध (ओडिशा) से लोड कर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) ले जाना बताए। आरोपियों व गवाहों के समक्ष के वाहन की तलाशी लेने पर कार की पीछे सीट में सफेद रंग के बोरी में कुल 23.500 किलो मादक पदार्थ गांजा (कीमत 11,75,000 रुपए), बरामद हुआ। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए बरामद गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त वाहन किआ कैरेंस कार कीमत 8,00,000 रुपए, 04 नग मोबाईल कीमत 20,500 रुपए सहित कुल 19,95,500 रुपए की संपत्ति जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी)II(बी) एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

तालाब किनारे जुआ खेल रहे आठ आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अमावस और बेलटुकरी के बीच तालाब के पास जुआ खेल रहे 8 लोगों को तुमगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अमावस-बेलटुकरी के बीच तालाब किनारे में कुछ व्यक्ति संगठित होकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर छापमार कार्रवाई की। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे कुछ लोग भाग गए। वहीं पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपने-अपने नाम रविंदर पुरैना पिता बल्देव पुरैना (30 साल) वार्ड नं 08 सतनामीपारा तुमगांव थाना तुमगांव जिला महासमुंद, लोमश साहू पिता स्व. सोनचंद साहू (28 साल) वार्ड नं 04 बजरंग चौक खट्टीडीह थाना तुमगांव जिला महासमुंद, संत कुमार बंजारे पिता तीजूराम बंजारे (38 साल) बेल्टुकरी थाना तुमगांव जिला महासमुंद, भीष्मदेव खुंटे पिता राधेश्याम खुंटे (26 साल) वार्ड नं 04 नयापारा थाना व जिला महासमुंद 05- मुकेश देवदास पिता बसंत देवदास (19 साल) वार्ड नं 09 तुमगांव थाना तुमगांव, नेहरू साहू पिता कुमार साहू (35 साल) वार्ड नं 11 दुकान चौक राम मंदिर के पास तुमगांव थाना तुमगांव जिला महासमुंद, पवन साहू पिता बिसउहा राम साहू (30 साल) वार्ड नं 09 तुमगांव थाना तुमगांव जिला महासमुंद और तोरन कंवर पिता अर्जुन कंवर (29 साल) खट्टीडीह थाना तुमगांव जिला महासमुंद होना बताए।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एवं फड़ से नगदी रकम 17,400 रुपए, ताश, बाइक, मोबाइल कुल कीमती 3,32,400 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

जमात की मीटिंग में मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। मुस्लिम जमात की मीटिंग के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 02 आमदी थाना अभनपुर जिला रायपुर निवासी नसीब खान की बेटी नाजीया मेमन एवं दामाद मोसीन मेमन के बीच 10 अक्टूबर को विवाद एवं मारपीट हुआ था, इसे लेकर 11 अक्टूबर को नसीब खान अपने गांव से जमात वालों के साथ महासमुंद आया था। जमात की मीटिंग महासमुंद के नयापारा सुन्नी मस्जिद में दोपहर करीबन 02.30 बजे हो रही थी। इस दौरान जमात के द्वारा उसकी बेटी और दामाद को समझा रहे थे, तभी मोसीन के चाचा इस्माईल मेमन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी नसीब खान के साथ गले को पकड़ लिया और दामाद मोसीन मेमन व अरमान मेमन ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) , 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

दशगात्र से लौट रहे बाइक में सवार तीन लोग एक्सीडेंट में घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम भालूचुवा से अपने रिश्तेदार के घर से दशगात्र कार्यक्रम के बाद वापस लौट रहे बाइक में सवार तीन लोग ट्रक की टक्कर से घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि चित्रसिंग मांझी पिता दारा सिंग मांझी (28 साल), निवासी ग्राम कोल्दा, थाना नुवापाड़ा, तहसील व जिला नुवापाड़ा (ओडिशा) 21 सितंबर को अपने रिश्तेदार उदयराम मांझी एवं सोनू मांझी के साथ मोटर सायकल ओडी 26 जे 0609 से दशगात्र कार्यक्रम में ग्राम भालूचुंवा, थाना कोमाखान आया था। कार्यक्रम के बाद वापस वापस जाने के दौरान ग्राम सुअरमाल के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएच 6333 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। उसका चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर हम लोगों को मोटर सायकल सहित पीछे से ठोकर मार दिया। घटना में प्रार्थी के दाहिने पैर, शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है, वहीं उदयराम मांझी एवं सोनू मांझी को भी दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

तस्करों को गांजा उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तस्करों को गांजा उपलब्ध कराने के दो मामलों में कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई के निर्देश के तहत जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्यवाही की जा रही थी।

इसी दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना पर थाना कोमाखान पुलिस द्वारा ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर कार में अवैध गांजा परिवहन करते 01 महिला एवं पुरूष 01 को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। उक्त वाहन की तलाशी पर कार में 80.400 किग्रा गांजा बरामद (कीमत 40 लाख 20 हजार रुपए) हुआ था,जिसे कंधमाल (ओडिशा) से रायपुर (छत्तीसगढ़) में खपाने की योजना थी। मामले में आरोपी अभिजीत डिगाल पिता अभिराम डिगाल (23 साल) निवासी रायकिया थाना रायकिना जिला कंधमाल ओडिशा एवं महिला जयश्री प्रधान पिता सोमनाथ (26 साल) निवासी किलाकिया थाना सारंगढ जिला कंधमाल ओडिशा धारा 20(बी)(II) (सी) 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर मामले में इंड टू इंड कार्रवाई हेतु, गांजा उपलब्ध कराने वाला एवं गांजा रिसीवर की पतासाजी में पुलिस जुट गई। गिरफ्तार आरोपियों



को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने पर मिली जानकारी एवं जब्त मोबाईल का तकनीकी जांच एवं प्राप्त डाटा का विश्लेषण करते हुए उक्त मामले में मुख्य सोर्स आरोपी आकाश नायक पिता अलिफा नायक (28 साल) निवासी गुंधानी थाना रायकिना जिला कंधमाल (ओडिशा) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजने में महासमुंद पुलिस को सफलता मिली हैं।



इसी तरह दूसरे मामले में 11 अक्टूबर को थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली थी कि कोमाखान रेलवे स्टेशन में 03 पुरूष एवं 2 महिला बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहे है। तत्काल कार्रवाई करते हुए रेलवे कोमाखान स्टेशन पहुंचकर संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। जिनके नाम अमित भाई पिता गिधाभाई सोलंकी (25 साल) निवासी अक्षय पारा सोसायटी मोफतनगर थाना बडलागेट जिला भावनगर गुजरात, जितेश भाई पिता बाबू भाई सोलंकी (31 साल) निवासी बोलतलाव मोफतनगर थाना वडलागेट जिला भावनगर गुजरात, शोभाबेन पति नानू भाई मकवाना (50 साल) निवासी इंद्रनगर देवी पुजकवास मोफतनगर थाना वडलागेट जिला भावनगर गुजरात, महेंद्र सिंह पिता प्रवीण सिंह (60 साल) निवासी चावड़ी गेट भावनगर चौकी चावड़ीगेट जिला भावनगर गुजरात, कांता बाई पति स्व. गिधा भाई सोलंकी (55 साल) निवासी अक्षय पारा सोसायटी मोफतनगर थाना बडलागेट जिला भावनगर गुजरात थे। आरोपियों के कब्जे से कुल 30.160 किग्रा गांजा (कीमत 15 लाख 08 हजार रुपए) बरामद हुआ था, जिसे वे बालीगुड़ा (ओडिशा) से भावनगर गुजरात लेकर जाना बताए। आरोपियों से गांजा, मोबाईल व नगदी रकम सहित कुल 15 लाख 48 हजार रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी एवं जब्त मोबाइल की तकनीकी जांच एवं प्राप्त डाटा के आधार पर उक्त मामले में गांजा उपलब्ध कराने वाले/मुख्य सोर्स आरोपी गोदावरी नायक पिता स्व. सुजन नायक (52 साल) निवासी गोईबाली थाना बालीगुड़ा जिला कंधमाल ओडिशा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

धान से बनाई दूरी, अब दलहन-तिलहन की खेती पर जोर, समितियों में हो रहा किसानों का पंजीयन

खरीफ में उड़द 6980 हेक्टेयर तक पहुंची, मूंगफली-मूंग-अरहर का रकबा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मौसम की अनिश्चितता और बाजार की मांग के चलते जिले के किसान धान की पारंपरिक खेती से विमुख होकर मूंगफली, उड़द, मूंग और अरहर जैसी दलहन-तिलहन फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। जिले में धान के पारंपरिक चक्र से बाहर निकलकर खरीफ सीजन में भी दलहन-तिलहन के लिए वैकल्पिक फसलों की सरकारी खरीदी की गारंटी मिलने से किसानों का भरोसा और बढ़ा है। कृषि विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस खरीफ सीजन में किसानों ने धान के बजाय दलहन और तिलहन फसलों को जगह दी है। इस साल उड़द की बोनी 6,980 हेक्टेयर में हुई है। मूंगफली 2,559 हेक्टेयर, मूंग 1,755 हेक्टेयर और अरहर 545 हेक्टेयर में बोई गई है। इन फसलों से किसान बेहतर आमदनी की उम्मीद कर रहे हैं। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि इस वर्ष इन फसलों के लिए किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। रकबा सत्यापन पूरा होने के बाद पंजीकृत किसानों से दलहन-तिलहन की सरकारी खरीदी शुरू की जाएगी। इससे किसानों को बिचौलियों से बचने और उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की तुलना में दलहन और तिलहन फसलों में पानी की जरूरत कम होती है। इससे खेती की लागत घटाने में भी



मदद मिल सकती है। कृषि विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण और कृषक संगोष्ठियों में किसान इस नए फसल चक्र को अपनाने की जानकारी ले रहे हैं। रबी में 11 हजार हेक्टेयर धान का रकबा घटेगाः कृषि विभाग ने आगामी रबी सीजन के लिए भी बड़ा लक्ष्य तय किया है। रबी 2026-27 में धान का रकबा करीब 11 हजार हेक्टेयर कम करने की तैयारी है। विभाग का उद्देश्य भू-जल स्तर को बचाने के साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना है। धान का रकबा घटने के बाद दूसरे फसलों का क्षेत्र बढ़ाने की तैयारी है।

निगम को प्रस्ताव, 3900 क्विंटल गेहूं के बीज मांगे

रबी फसलों के लिए राज्य बीज निगम को उन्नत बीजों का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें 3,900 क्विंटल गेहूं, 500 क्विंटल मूंगफली, 400 क्विंटल रागी, 202 क्विंटल मूंग, 150 क्विंटल चना, 95 क्विंटल उड़द, 50 क्विंटल मसूर, 44 क्विंटल तिवड़ा और 10 क्विंटल तिल का बीज शामिल है। ये बीज किसानों को नकद भुगतान के साथ शासकीय अनुदान पर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे धान के घटने वाले रकबे में दूसरी फसलों को बढ़ावा देने की योजना है।

पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे बीज

विभाग के अनुसार रबी फसलों के उन्नत बीजों का वितरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने कहा है कि बीज की कमी से बचने के लिए समय रहते नजदीकी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति या विकासखंड स्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय मंल अपनी मांग दर्ज कराएं।



राइस मिल से बिजली तार की चोरी

महासमुंद। पिथौरा के पोटापारा स्थित राइस मिल से इलेक्ट्रिक वायर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पोटापारा स्थित उसके व्हाइट गोल्ड राईस मिल से 30/09/2026 को 8 बजे से 03/10/2026 के सुबह 9 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक केबल 300 मीटर कीमत करीबन 60000 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खबर संक्षेप



नवरात्रि के प्रथम दिवस हुआ विशेष कार्यक्रम

महासमुंद। महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में नवरात्रि के प्रथम दिवस विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक समिति द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के रूप में आकर्षक वेशभूषा धारण कर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में उपस्थित हुए। विद्यार्थियों ने नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक एवं सजीव प्रदर्शन किया। इस अवसर पर देवी स्तुति का आयोजन भी किया गया, जिससे विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी ने इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को विद्यार्थियों में भारतीय संस्कारों, नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत की। इस प्रकार नवरात्रि के प्रथम दिवस पर विद्यालय में भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ मां दुर्गा के स्वरूपों का गुणगान किया गया।

लौटा मानसून : हवा तूफान, वज्रपात की चेतावनी

धमतरी। सोमवार को दक्षिण पश्चिम मानसून की पूरे छत्तीसगढ़ से वापसी हो गई है। वहीं प्रदेश में अगामी पांच दिनों तक मौसम के खराब रहने की संभावना है। इस दौरान बादल के गरजने, तेज हवा और वज्रपात होने की जानकारी है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मानसून सिक्किम, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश के कुछ हिस्सों, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गोवा के बाकी हिस्सों से वापस चला गया है।

आयोजन : अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य अतिथि रहे अग्रवाल

धर्म, संस्कृति और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहें युवा : बसंत





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/पिथौरा

महाराजा अग्रसेन की 138वीं जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसंत अग्रवाल थे।उनके आगमन पर अग्रवाल समाज के सदस्यों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उनके वाहन से उतरते ही जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। इसके पश्चात बाइक रैली के माध्यम से उनका भव्य स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया।

अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान धर्मवीर बसंत अग्रवाल ने समाज की एकजुटता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा समाजसेवा के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं को धर्म, संस्कृति और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक होकर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों से उपस्थित समाजजनों एवं युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

अग्रसेन भवन एवं धर्मशाला के लिए भूमि दान की पहल

कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन भवन एवं अग्रवाल धर्मशाला के निर्माण हेतु एक एकड़ भूमि दान करने की घोषणा की गई। इस पहल से प्रेरित होकर आनंद अग्रवाल ने भी एक एकड़ भूमि देने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं, अग्रवाल सभा पिथौरा के पूर्व अध्यक्ष एवं अरविंद हार्डवेयर से जुड़े अनुप अग्रवाल ने 05 लाख रुपये की सहयोग राशि देने का वादा किया।

भूमि एवं आर्थिक सहयोग से जुड़े इन संकल्पों को समाज के संगठनात्मक विकास और भविष्य में सामाजिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। इन घोषणाओं से समाजजनों में हर्ष का माहौल रहा।

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि धर्मवीर बसंत अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रतिभागियों की प्रतिभा, मेहनत और सहभागिता का सम्मान किया गया। पुरस्कार वितरण से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन हुआ और समाज की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा पिथौरा के वर्तमान अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, निर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेश बंसल, सचिव एवं अधिवक्ता बजरंग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश, उपाध्यक्ष नरेश सिंघल एवं उपाध्यक्ष प्रदीप बंसल उपस्थित रहे।

इसके साथ ही महिला मंडल की अध्यक्ष सुनील प्रीति अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच पिथौरा के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अग्रसेन यूथ क्लब के अध्यक्ष साकेत अग्रवाल, उदय शाखा के अध्यक्ष शशांक अग्रवाल तथा समाज के वरिष्ठजन सत्यनारायण अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

महाराजा अग्रसेन चौक का हुआ भूमिपूजन

कार्यक्रम के पश्चात महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें धर्मवीर बसंत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह पहल महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक समरसता, समानता और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। चौक के निर्माण से महाराजा अग्रसेन के विचारों एवं उनके समाजोपयोगी संदेशों को स्मरण करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान बसंत अग्रवाल, मनीष अग्रवाल के साथ पिथौरा के प्रतिष्ठित गौसेवा केंद्र गोविंद कमला गौधाम पहुंचे। गौधाम के संचालक मनीष अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय गौ क्रांति मंच, जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष एवं गौसेवक सौरभ अग्रवाल भी उपस्थित रहे। गौधाम पहुंचकर बसंत अग्रवाल ने गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उन्हें भोग अर्पित किया।



आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में संतुलित आहार, स्वच्छता की दी गई जानकारी

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम केंद्र क्रमांक-01 नांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और गर्भवती माताओं को संतुलित भोजन एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भोजन से पहले और बाद में हाथ धोने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, भोजन को ढंककर रखने तथा नियमित रूप से वजन कराने की जानकारी दी गई। कुपोषण के लक्षणों की पहचान और आवश्यकता पड़ने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में पोषण, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, प्रधानपाठक शीला चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा पटेल, दमयंती शर्मा, सहायिका गीतू, चित्ररेखा धीवर, जमुना पटेल, चमेली पटेल, रोशनी पटेल, तरुणा पटेल, लीला पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।



ड्राइंग एवं भाषण स्पर्धा में भाग लेने वाले छात्रों को किया सम्मानित

महासमुंद। ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में आयोजित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो, स्मृति चिन्ह, कंपास एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों डिगेश्वरी पटेल (प्रथम), प्रीति साहू (द्वितीय,) मीरा यादव तृतीय, लीसा साहू प्रथम (भाषण)पायल साहू (द्वितीय), गोपिका साहू, खिलेंद्र साहू, तारणी साहू, दीक्षा साहू (तृतीय) एवं कुसुम साहू, डिगेश्वरी साहू को सरपंच जानकी साहू एवं प्रतिनिधि सुंदरलाल साहू, शाला समिति के अध्यक्ष-सदस्यों तथा उपस्थित पंचों द्वारा मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य भारत सिंह साहू ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष सुरेश कन्नौजे, शाला सुरक्षा एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू, संतोष कुमार साहू, लोमश साहू, नामदेव साहू, तेज कुमार साहू, तोष कुमार साहू,भीखम साहू, छबिराम साहू, पंच शंकर कन्नौजे, भगीरथी साहू, नंदनी साहू, लक्ष्मी यादव, सरस्वती ध्रुव, अनिता साहू, डागेश्वरी साहू, संगीता ध्रुव, भुनेश्वरी साहू, सुनीता साहू, निर्मला साहू, प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि ढीवान, भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, व्याख्याता तथा राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी लिपिक सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति एवं भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और वेंडर्स को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन भुगतान लंबित है, उनका आवश्यक परीक्षण कर अक्टूबर माह तक भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।





बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में सिंगल विलेज योजनाओं के भुगतान के लिए कुल 309 योजनाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अक्टूबर माह तक 215 योजनाओं के लिए राशि का भुगतान किया जाना है। इनमें से 202 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 107 योजनाओं से संबंधित कार्य शेष हैं। जिले में योजनाओं के भुगतान के लिए कुल 46 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में जहां क्लोरीनेटर, बाउंड्रीवाल और स्विच रूम की आवश्यकता है, वहां आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन वेंडर्स द्वारा बिल प्रस्तुत किए जा चुके हैं, उनका नियमानुसार परीक्षण कर पात्रतानुसार भुगतान की कार्रवाई समय-सीमा में पूरी की जाए। साथ ही लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। पीएचई के अधिकारियों को फील्ड में रहकर कार्य पूर्ण करने कहा गया है।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता देवप्रकाश वर्मा, जल संसाधन विभाग अजय खरे एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और वेंडर्स उपस्थित थे।

कृषि आदान सह व्यावसायिक परिसर का विधायक ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को शहर के गंजपारा में निर्माणाधीन कृषि आदान सह व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परिसर में निर्माण कार्य की प्रगति, उपलब्ध सुविधाओं और साफ-सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मंडी सचिव पूरण सिंह कश्यप को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक सिन्हा ने कहा कि निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए, ताकि परिसर का उपयोग जल्द शुरू हो सके और जिससे इसका लाभ किसान भाइयों को मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विधायक ने परिसर की सुरक्षा और व्यवस्थित संचालन को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाउंड्रीवाल आवश्यक है।



इससे परिसर व्यवस्थित रहेगा और अनावश्यक आवागमन पर भी नियंत्रण रखा जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारी को निर्देशित किया कि परिसर के आसपास जमा कचरे एवं अनावश्यक सामग्री को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद परिसर का रखरखाव भी नियमित रूप से किया जाना चाहिए, ताकि यहां आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सके। इस दौरान भाजपा नेता रमेश साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, राजेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, शरद मराठा, नईम खान सहित अन्य उपस्थित थे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारी को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को प्राथमिकता से दूर करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।



एक दिवसीय स्कूली बच्चों के चीनी के सेवन और पोषण की स्थिति का सर्वेक्षण

महासमुंद। वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में मानवमितीय मापों का उपयोग कर चीनी के सेवन की मात्रा और खान-पान की आदतों का आंकलन तथा बच्चों में पोषण स्थिति का मूल्यांकन कर स्कूली बच्चों में चीनी के सेवन और पोषण की स्थिति के बीच सहसंबंध निर्धारित करने हेतु एक-दिवसीय सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा साहू, (सहायक प्राध्यापक, पोषण और डायटेटिक्स) व लोकेश राठौड़ ने अपने उद्बोधन में अध्ययन कर रहे स्कूली बच्चों में अत्यधिक चीनी के सेवन से जुड़े संभावित स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों की पहचान करने व उस समस्या से निराकरण के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित विशेष बिंदुओं पर चर्चा करते हुए - दैनिक जीवन में अच्छी आदतों को शामिल करने व उसका अनुसरण करने को कहा। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में बच्चों के पोषक तत्व व आहार को नियमित तरीके से सही समय व सही मात्रा में ग्रहण करने की अपील की। उपप्रचार्या इंदु मिश्रा ने बच्चों के दैनिक जीवन में होने वाले स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों को अवगत कराते हुए बीमारी से बचाओ हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक होमेश साहू ने किया। आभार व्यक्त शिक्षक अमन वर्मा ने किया।

द्वितीय चरण जनसंख्या गणना, डिजिटल माध्यम से की जाएगी, मोबाइल एप के माध्यम से परिवार, मकान सूची और जनसंख्या का डेटा करेंगे एकत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनगणना 2027 द्वितीय चरण जनसंख्या गणना को संपादित करने हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा के मार्गदर्शन में जिला अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 को जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित है। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण जनसंख्या जनगणना को संपादित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रथम दिवस प्रशिक्षण में बताया गया कि इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। मोबाइल एप के माध्यम से परिवार सूची, मकान सूची और जनसंख्या का डेटा एकत्र किया जाएगा। इसके आलावा प्रशिक्षक द्वारा जनगणना के कार्य, समन्वय, फील्ड ट्रेनर, टेक्निकल और क्लर्कियल सहायक को निर्धारित समय में प्रशिक्षण देना, सीएमएमएस पोर्टल में पंजीयन कराना, क्षेत्रीय टीम में मानव संसाधन की उपलब्धता, द्वितीय चरण के कार्य में पूर्व में कार्य कर चुके कर्मियों को प्राथमिकता से नियुक्त करने, नियुक्ति और पहचान पत्र जारी करना, आवश्यक सहायक सामग्री को उपलब्ध कराना, कार्य के लिए प्रगणक और सुपर वाइजर को जनगणना कार्य का शपथ दिलाना, मानदेय देना आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने चार्ज अधिकारियों को जनगणना संबंधी जानकारी को मीडिया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर प्रचार प्रसार करने तथा भ्रामक जानकारी का खंडन जारी करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता में अफवाह, भ्रामक और डर की स्थिति निर्मित नहीं हो। प्रशिक्षण में जनगणना प्रशिक्षक मनोज कुमार महिलांगे, सहायक संचालक द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल होगा। जनसंख्या गणना के दौरान प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना से संबंधित 40 प्रश्न पूछ कर जानकारी ऑनलाइन (सीएमएमएस) पोर्टल में भरेगें। ऑनलाइन (सीएमएमएस) पोर्टल के संबंध में तकनीकी बारीकियों को बताया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त चार्ज अधिकारी ग्रामीण (तहसीलदार), नगरीय निकाय से समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा उनके डीलिंग स्टाफ शामिल हुए। मधु साहू, अति जिला जनगणना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जिले के कृषक हो रहे समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा जनसेवा, गरीबों के कल्याण और किसानों के सशक्तिकरण के संकल्प का प्रतीक रही है। इसी सेवा भाव के अनुरूप संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। योजना से मिलने वाली सहायता राशि किसान अपनी कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने में उपयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में योजना का लाभ लेकर महासमुंद जिले के कृषक समृद्ध हो रहे हैं। जिले के बसना विकासखंड के ग्राम डोंगरीपाली निवासी मधुसूदन पटेल खेती-किसानी से जुड़े हैं। कृषि कार्यों में बैलों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्राप्त किस्तों की राशि का सदुपयोग किया। इस राशि से उन्होंने बैल जोड़ी खरीदी, जिसका उपयोग अब वे अपने कृषि कार्यों में कर रहे हैं। योजना से प्राप्त आर्थिक सहायता ने उन्हें खेती-किसानी के लिए आवश्यक साधन जुटाने में मदद की है। अब तक 23 किस्त प्राप्त हो चुका है। इसी तरह विकासखंड बसना के ग्राम बड़ेसाजापाली के कृषक हिमांशु बंजारे अपने 1.40 हेक्टेयर कृषि भूमि के साथ 10 एकड़ में रेगहा खेती करते है। कृषक बंजारे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्राप्त किस्तों की राशि का सदुपयोग करते हुए उन्होंने इस राशि का उपयोग खेती के लिए खाद, बीज, दवाई सहित अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीदने में किया। इससे उन्हें कृषि कार्यों के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में सहयोग मिला। उल्लेखनीय है कि महासमुंद जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 1 लाख 26 हजार 154 किसानों को अब तक कुल 23 किस्तों के माध्यम से 25 करोड़ 23 लाख रुपए वितरित किए गए हैं। यह सहायता जिले के किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने और उनकी कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोगी बन रही है। योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं और खेती-किसानी को आगे बढ़ाने में सहायता प्राप्त कर रहे हैं।



भाषायी मर्यादा और बघेल का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की स्वतंत्र निदेशक

इस्पात मंत्रालय की स्वतंत्र निदेशक तथा भाजपा प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ की सह कोषाध्यक्ष अलका ने कहाः नितिन नवीन नहीं, राहुल गांधी की अपरिपक्व राजनीति के लिए सटीक बैठता है 'नाबालिग' शब्द

तथा भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ की प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाषायी मर्यादा से तो भूपेश बघेल का दूर-दूर तक कभी कोई



नाता ही नहीं है। अलका ने कहा कि जिस तरह की ओछी राजनीति और बचकानी बयानबाजी कांग्रेस में आम हो चुकी है, उसे देखकर ऐसा लगता है कि भूपेश बघेल दरअसल अपने ही नेता राहुल गांधी को तो कहीं 'नाबालिग' बताना नहीं चाह रहे थे? दशकों से राजनीति में रहने के बावजूद बचकानी हरकतें करने का रिकॉर्ड राहुल गांधी के नाम दर्ज है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जमीन से उठकर, छात्र राजनीति और संगठन के हर पायदान पर अपनी योग्यता व निष्ठा साबित कर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक पहुंचे हैं।

खबर संक्षेप



कोमाखान कॉलेज के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय हैंडबाल में चयन

बोइरगांव (कोमाखान)। नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान के छात्र एवन कुमार एवं छात्रा कुसुमलता साहू का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा, मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने हर्ष जताते हुए आशा व्यक्त की कि दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी पीयूष कुमार टांडेय एवं अतिथि क्रीड़ा सहायक आदिल अहमद ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा दोनों खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सेवा केंद्र में चैतन्य झांकी कल से

महासमुंद। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान तुमगांव रोड नयापारा स्थित स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की चैतन्य झांकी लगाई जाएगी, जो 14 से 18 अक्टूबर तक संध्या 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक अवलोकन किया जा सकेगा। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने यह जानकारी दी।

जोरातराई अं में आज मुकुट पूजा, बाली वध

अंवरी। अमर ज्योति नव दुर्गोत्सव समिति द्वारा चंदन बाई चौक जोरातराई (अं) में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगा। 13 अक्टूबर को मुकुट पूजा, बाली वध का कार्यक्रम, 15 अक्टूबर को सांस्कृतिक लोक कला मंच मोर संगवारी भोथली धमतरी, 17 अक्टूबर को लोक कला मंच तिहार छाती धमतरी की प्रस्तुति होगी।

क्वांर में तेज धूप, मानसून की विदाई के साथ किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा


क्वांर माह के आधे पखवाड़ेभर से मानसूनी बारिश पूरी तरह थम गई है। मौसम के बदले मिजाज के कारण अब दोपहर में तेज धूप, रात में हल्की ठंडक और तड़के सुबह हल्की ठंड महसूस की जा रही है। अचानक मौसम में आए इस बदलाव और बारिश रुकने से समय से पहले मानसून की विदाई की आशंका बढ़ गई है, जिससे क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं।

खेतों में बोई गई लंबी अवधि बड़े किस्म की धान की फसलें जैसे सरना, जमुना और 1001 इस समय कुछ फसलों की बालियां निकलने की स्थिति में हैं। कड़क धूप के कारण खेतों की नमी तेजी से सूख रही है, जिससे बालियों का और दानों का भराव रुकने का बड़ा खतरा पैदा हो गया है। इस बार रिकॉर्ड तोड़ बारिश होने के कारण क्षेत्र के तालाब और जलाशय लबालब भरे पड़े हैं। इसके बावजूद अचानक बारिश थम जाने से फसलों को अंतिम चरण में सही तरीके से फसल को पका पाना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को लेकर दो अलग तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। साधन संपन्न किसान जिन किसानों के पास ट्यूबवेल (नलकूप) की सुविधा उपलब्ध है, वे दिन-रात सिंचाई करके अपनी फसल को बचाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर, जो किसान पूरी तरह केवल मानसूनी बारिश पर निर्भर हैं, वे खेतों में सूखती नमी को देखकर अत्यधिक चिंतित और असहाय नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से स्थिति का आकलन करने और नहरों व जलाशयों से आवश्यकतानुसार पानी छोड़ने की मांग की है, ताकि पकने की कगार पर खड़ी फसल को नष्ट होने से बचाया सके। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ओडिशा सीमा से लगे ग्राम खट्टी के किसानों ने प्रशासन से पतोरा डैम से तत्काल पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की है।

धूप के कारण खेतों की नमी जा रही, बालियों में दानों का भराव रुकने का खतरा

डैम के पानी से ही बच सकेगी फसल

ग्राम खट्टी और सेनभांठा के सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान पूरी तरह मानसून और नहर सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर हैं। किसानों का कहना है कि यदि पतोरा डैम से जल्द पानी नहीं छोड़ा गया, तो खेतों में खड़ी फसलों में बालियां निकल पाना पूरी तरह असंभव हो जाएगा, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। सिंचाई का पानी मिलने पर ही इन फसलों को बचाना संभव हो सकेगा।



अन्नदाताओं की बढ़ी चिंता पंप चलाकर बचा रहे फसल

जमीन में नमी खत्म होने से जहां बारिश पर निर्भर किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं, वहीं निजी सिंचाई सुविधा वाले किसान पंप चलाकर फसल बचाने में जुटे हैं। स्थिति को भांपते हुए ग्रामीण किसानों ने जल संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि पतोरा डैम से मुख्य नहर में तुरंत पानी छोड़ा जाए। ताकि, फसल को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

आयोजन : महाविद्यालय लोहराकोट में सहकारिता जागरुकता कार्यक्रम

सहकारिता से स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की राह होगी प्रशस्त, छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट पिथौरा में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के सौजन्य से सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सहकारिता के महत्व, स्वरोजगार की संभावनाओं, व्यावसायिक गतिविधियों तथा विभिन्न सहकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के प्रभारी प्रबंधक एवं जिला प्रचार-प्रसार अधिकारी एसआर बंजारे ने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता सज्जाद अहमद गनई ने एसआर बंजारे का स्वागत किया। इसी क्रम में रत्नेश बरैहा द्वारा जिला सहकारी संघ के लेखापाल कन्हैया नायक का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

स्वागत के पश्चात प्राचार्य ने अपने स्वागत



उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद एसआर बंजारे ने अपने उद्बोधन में सहकारिता की अवधारणा एवं व्यावसायिक उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए बताया कि सहकारिता का मूल भाव 'साथ-साथ मिलकर कार्य करना है।' सहकारी संस्थाएँ सामूहिक प्रयासों के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संचालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती, जैविक खाद निर्माण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही फार्मेसी, जैविक मेडिकल स्टोर, डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस वितरण, मसाला उद्योग, कपड़ा व्यवसाय, सब्जी व्यवसाय तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में सहकारिता की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला उद्योग एवं बैंकिंग व्यवस्था तथा जिला सहकारी संस्थाओं की भूमिका से भी विद्यार्थियों को परिचित कराया गया।

दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिथौरा एवं बसना क्षेत्र में प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहकारिता के योगदान को रेखांकित किया गया। लिज्जत पापड़ जैसे सहकारी प्रयासों का उदाहरण देते हुए सामूहिक उद्यमिता एवं स्वरोजगार के महत्व को समझाया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सहकारी संस्थाओं के माध्यम से भविष्य में विभिन्न उद्योगों एवं व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सहकारिता के माध्यम से सामूहिक प्रयासों को आर्थिक अवसरों में परिवर्तित किया जा सकता है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए मार्ग विकसित किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों में सहकारिता के प्रति जागरूकता एवं रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी रत्नेश बरैहा, गुरनीत कौर एवं सज्जाद अहमद गनई का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अंत में जिला सहकारी संघ मर्यादित द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को सॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा आयोजकों एवं उनकी पूरी टीम को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजेंद्र कुर्रे तथा आभार प्रदर्शन सज्जाद अहमद गनई द्वारा किया गया।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर पूजन और आरती, विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

अग्रवाल सभा बागबाहरा के तत्वावधान में अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती पर पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर श्रद्धा व्यक्त की।

- आयोजन के दौरान समाज की एकजुटता और परंपराओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया

इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि-विधान से पूजन और आरती में भाग लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को याद किया।

महाराजा अग्रसेन को समाज में समानता, सहयोग, सेवा और व्यापारिक नैतिकता की परंपरा से जोड़कर देखा जाता है। उनकी जयंती पर आयोजित ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। विधायक द्वारिकाधीश यादव की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान समाज की एकजुटता और परंपराओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लखबीर सिंह छाबड़ा, गणेश शर्मा, नवनीत सलूजा, गिरीश पटेल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल और संजय अग्रवाल सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ



बागबाहरा। शारदीय नवरात्रि महोत्सव अंचल में हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। अंचल के प्रसिद्ध देवी धामों के अलावा दुर्गा मंदिरों में प्रथम दिवस हजारों मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित हो जगमगा उठे। वहीं नगर सहित ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के पंडालों दुर्गा माता की प्रतिमाएं विराजित की। प्रसिद्ध देवी धामों मां चंडी मंदिर घुंघापाली में 8301 तथा खल्लारी मंदिर में 2401 मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुजनों ने प्रज्वलित करवाएं है। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सभी मंदिरों, दुर्गा पंडालों में देर रात तक श्रद्धालुजनों की ज्योति प्रज्ज्वलन, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, पूजन, दर्शन के लिए तांता लगा रहा। सभी स्थानों में मंदिर की परंपरानुसार प्रथम दिवस ज्योति प्रज्ज्वलन हुआ।



मां सर्वमंगला और मड़वारानी मंदिर पहुंचे खरोरा के श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खरोरा से 120 लोग कोरबा जिला सतरेगा जलाशय मां सर्वमंगला मंदिर और मडवारानी मंदिर पहुंचे। जहां नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन भ्रमण किया। कोरबा जिला में मां सर्वमंगला मंदिर स्थानः यह कोरबा शहर से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां की मुख्य आराध्य देवी मां दुर्गा मां सर्वमंगला है। इस मंदिर परिसर के आसपास त्रिलोकीनाथ मंदिर, काली मंदिर और ज्योति कलश भवन भी हैं, यहाँ एक रहस्यमयी गुफा भी है जो नदी के नीचे से होकर दूसरी तरफ निकलती है। भक्त यहाँ विशेष रूप से मनोकामनाओं की पूर्ति, अच्छे स्वास्थ्य और वैवाहिक जीवन की कामना के लिए लोगों दर्शन करने आते है और दूसरे कोरबा जिला के प्रसिद्ध माँ मड़वारानी मंदिर स्थान है, यह मंदिर कोरबा-चांपा मार्ग पर जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यह स्थान मां मड़वारानी को समर्पित है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे स्वयं प्रकट होकर आसपास के गांवों की रक्षा करती हैं। यह मंदिर पहाड़ी पर कलमी पेड़ के नीचे स्थित है। नवरात्रि के पावन पर्व पर यहाँ कलमी पेड़ के नीचे जंवारा के साथ और भव्य मेले का विशेष आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु जुटते हैं।

नवरात्रि पर पर्यावरण संरक्षण की पहल, तुमगांव में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तुमगांव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इको ग्रुप के आमंत्रण पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने पौधरोपण कर प्रकृति को सहेजने तथा आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, आस्था और सकारात्मक संकल्प का पर्व है। इस पावन अवसर पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करना समाज के लिए प्रेरणादायी है।

आज के दौर में बढ़ते प्रदूषण, घटते हरित क्षेत्र और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू, व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, पार्षद गौतम सिन्हा, मुकेश रात्रे, अजय चंद्राकर, भरत साहू, रोहित साहू, पार्षद पीयूष चंद्राकर, प्रगेश साहू, वैभव साहू, मयंक रात्रे, भूपेंद्र साहू, मनीष कुर्रे, विनय रात्रे, तोरण साहू, तुषार साहू, झलक ध्रुव, साहिल निर्मलकर, भावेश यादव और शौर्य यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि वे नवरात्रि पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लें। एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित भविष्य बनाएं।

लोहिया जयंती पर शहर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समाजवादी चिंतक एवं प्रखर नेता डॉ. राममनोहर लोहिया की 116वीं जयंती पर महासमुंद के लोहिया चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। समाजवादी विचारधारा से जुड़े नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने डॉ. लोहिया के जीवन, संघर्ष और समाजवादी विचारों को याद किया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री के सुपुत्र दिलीप कौशिक, वरिष्ठ समाजवादी नेता दाऊलाल चंद्राकर, प्रमोद तिवारी, नारायण नामदेव एवं राजेश जैन ने डॉ. राममनोहर लोहिया के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों



को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने समाज में समानता, सामाजिक न्याय और जनहित के प्रति उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर खरे, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, वरुण दास, पुलकित कौशिक, शेषनारायण नामदेव, योगेश जैन, मोनू नामदेव, रोमांतक तिवारी, खुमान चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, लोकनाथ चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, प्रकाश यादव, रामप्रसाद यादव एवं हीरालाल यादव सहित समाजवादी विचारधारा में विश्वास रखने वाले अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. राममनोहर लोहिया के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समानता, भाईचारे एवं सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।



खबर संक्षेप

कर्मचारी संघ की बैठक 17 को, प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर होंगे शामिल

महासमुंद। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कर्मचारी भवन में संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के आगमन पर 17 अक्टूबर को महासमुंद एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि इस आवश्यक बैठक में सभी तहसील अध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य एवं साथीगण उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्ष 2023–24, 2024–25 और 2025–26 की रसीद बुक, सदस्यता राशि तथा सूची सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

नयापाराकला में दुर्गा मूर्तियों की हुई स्थापना

अरंड (पिथौरा)। ग्राम नयापाराकला में मां दुर्गा के मूर्तियां स्थापित की गई है। आदर्श दुर्गा उत्सव समिति नयापारा कला, ग्राम के सरपंच शशि दीवान, उपसरपंच अग्नीबाई ध्रुव, गंगाराम दीवान, देवी सिंह ध्रुव, फगुनू बरिहा, ज्योति कलश अध्यक्ष विभीषण बरिहा, शालित राम बरिहा, कुशाल सिंह ध्रुव, सचिन हरिशंकर बरिहा, चोवालाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष देव कुमार दीवान, चंद्रहास बरिहा, सुरेश दीवान, तोषण ध्रुव, नरेंद्र जिंदल, सोनू राम दीवान, मनीष मिश्रा, सोन सिंह दीवान, भागीरथी दीवान, राजकुमार पटेल, लालाराम पटेल, दलसिंह बरिहा, नंदकुमार यादव, तेजराम बंजारा, घनश्याम पटेल, लक्ष्मण बरिहा, आसाराम ध्रुव, फगुनुरम बरिहा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

बेलसोंडा में कल से आकर्षक झाँकी

महासमुंद। ग्राम बेलसोंडा के दुर्गा समिति, बजरंग चौक, ढीमर पारा द्वारा भव्य, मनमोहक और अलौकिक गुफा झांकी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 अक्टूबर से समयः प्रतिदिन रात 8 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। इस झांकी में माता रानी के दरबार को एक असली पवित्र गुफा का रूप दिया गया है, जहाँ भव्य सजावट और अद्भुत रोशनियों के बीच आपको साक्षात माता के पावन स्वरूप के दर्शन का अहसास होगा। माता रानी के दर्शन और इस गुफा झांकी का आनंद पूरी तरह से निःशुल्क है।

कौशल विकास, उच्च शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दी गई जानकारी

पिथौरा। कौशल विकास यात्रा पिथौरा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य आशाराम बरिहा की सहमति से विद्यार्थियों को कौशल विकास, उच्च शिक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विषय में जानकारी 09 अक्टूबर 2026 को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आईसेक्ट के प्रतिनिधि अब्दुल मसीद ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

डोकरपाली शांति नगर में दुर्गा पूजा



अरंड (पिथौरा)। ग्राम डोकरपाली शांति नगर में दुर्गा मूर्ति की पूजा-अर्चना की गई। जिसमें गोवर्धन, लेखराम यादव, गोवर्धन कोसरिया, लेखराम यादव, युवकुमार, देवलाल, भोला दीवान, बेनूराम, भुवन, रैनसिग, हीराधर, चतुर, फागेशवर, हुलदास, कीमन, मैनाबाई, अनिता, भूमिका, कुमारी, सत्या, कौशल्या, देवकुमारी, हीरामति, दंतेश्वरी, पंपाबाई, सावित्रीबाई, पार्वती दीवन, ऐनाबाई, मेहतरिन आदि मौजूद रहे।

दुर्गा प्रतिमा के साथ 84 ज्योति प्रज्ज्वलित



अरंड (पिथौरा)। ग्राम अरंड के जय महावीर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा मूर्ति प्रतिमा विराजित की गई है। वहीं 84 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई। ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, महाराज खूबचंद दुबे, गांव के बैगा विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, कार्तिक राम पटेल, कौतूक पटेल, प्रीतम सिंह पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, रविशंकर ध्रुव, दिगंबर पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, डोलेश ध्रुव, अजय पटेल, राम अवतार ध्रुव, दीपक ध्रुव, रूपेंद्र निर्मलकर, देवानंद पटेल, जीवंत साहू, पप्पू राम ध्रुव आदि सेवा में लगे हुए हैं।



कोटादादर में दुर्गा उत्सव की धूम

अरंड (पिथौरा)। ग्राम कोटादादर टिकरापारा में जय मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित प्रतिमा मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना की गई। रतन सिंह ध्रुव, लालाराम ध्रुव, केवल सिंह, गौर सिंह ध्रुव, हेमंत सिंह ध्रुव, चैनसिंह ध्रुव, सरपंच नर्मदा बाई ध्रुव, उपसरपंच सखाराम पटेल, तुलाराम ध्रुव, महासिंह ध्रुव, शिवम साहू, बेदराम ध्रुव, ठाकुर राम ध्रुव, मनोहर ध्रुव मौजूद रहे।



अरंड (पिथौरा)। मोहदा में बाजार पारा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान ग्राम के गणेशराम यादव, कामता प्रसाद यादव, खेमराज मिर्धा, पदुम ठाकुर, मंगलूराम, रविकुमार पटेल, रामचरण कृष्ण यादव, दुखू राम यादव मौजूद रहे।



खैरा में दुर्गा प्रतिमा विराजित

अरंड (पिथौरा)। ग्राम खैरा में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा विराजित की गई है। साथ ही ग्राम के हिमाचल सरपंच, पंचराम, महेंद्र कुमार ध्रुव, पन्नेलाल ध्रुव, मानसिंग ध्रुव, दुकाला बाई, अनीता ध्रुव, मानसी ध्रुव, युवराज ध्रुव, अमूल्य रानू ध्रुव, रमेश पटेल, दीपक कुमार, सरोज ध्रुव आदि मौजूद रहे।



पंडरीपानी के पर्रापाठ में पूजा अर्चना

नर्रा। शारदेय नवरात्र पर्व पर क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य उत्तम राणा ने ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ स्थित मां वैष्णोदेवी मंदिर में पहुंचकर ज्योत जलाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने माता वैष्णो देवी से क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने आस्था के लिए 52 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए है।



नर्रा। सार्वजनिक नवदुर्गा समिति छाहड़ादेव चौक बिंद्रावन।



नर्रा। सार्वजनिक नवदुर्गा समिति कोकड़ी।



नर्रा। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति आलावा चौक नर्रा।

क्षेत्र के देवी मंदिरों और पंडालों में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं, प्रज्ज्वलित हुईं ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शक्ति की भक्ति और आराधना का

- शारदीय नवरात्रि पर संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा, महा-आरती में उमड़ रहे श्रद्धालुजन

महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर रविवार 11 अक्टूबर को क्षेत्र के देवी मंदिरों पंडरीपानी गांव के पर्रापाठ पहाड़ी स्थित निर्माण धीन वैष्णो देवी मंदिर में 52 ज्योंत प्रवलित किए गए है तथा नर्रा के जोंक नदी स्थित शांकभरी मंदिर में भी जले आस्था के अखंड ज्योत। गांवों के सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव पंडालों में प्रथम दिन के शुभ मुहूर्त पर पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

दोपहर से लेकर शाम और रात्रि तक चले अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने कलश और मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नौ दिनों तक चलने वाले इस पवित्र महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से आराधना की जा रही है।

शारदीय नवरात्रि पर संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया है। देवी मंदिरों और सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना के बाद से ही श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। सुबह से लेकर देर रात तक भक्त माता रानी की भक्ति और शक्ति की उपासना में लीन हैं। सुबह और संध्या के समय आयोजित होने वालो महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

बिरकोनी चंडी मंदिर में भक्तों ने 2221 आस्था के ज्योत कराए प्रज्ज्वलित





बिरकोनी। मां चंडी विकास समिति बिरकोनी में शारदीय नवरात्र पर आस्था और भक्ति का माहौल है। नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठानों और विविध कार्यक्रमों के बीच भक्तों ने 2221 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए है। चंडी मंदिर दरबार में दूर-दूर से लोग दर्शन करने पहुंच रहे है। सुबह से ही श्रध्दालुओं की भीड़ लग रही है। शाम और रात्रिकालीन में भीड़ रहती है। हर रोज धर्मिक आयोजन पर क्षेत्र के लोगो पर धर्मिक आस्था अलग ही दिखाई देती है। यहां प्रत्येक दिन दोपहर से रात्रीय कालीन तक सेवा जसगीत, भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है। वहीं मेले में लोग घूम कर आनंद उठा रहे है। रोज प्रातः माता पूजा आरती श्रृंगार किया जा रहा है। पंचमी से सप्तमी तिथि को भव्य झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। शुक्ल पक्ष अष्टमी/नवमीं श्रृंगार, महागौरी/सिद्धिदात्री पूजन, पूर्णाहुति, कन्या पूजन,जवारा विसर्जन एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

नवरात्रि के प्रथम दिन विधायक ने किए मां सोनई रूपई के दर्शन, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम खट्टी में मां सोनई रूपई देवी के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से ज्योत जलाकर पूजा-अर्चना की और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने माता से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन मां सोनई रूपई के दर्शन होना परम सौभाग्य की बात है। नवरात्रि में माता के दर्शन और पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होता है। माता के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है।

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत, सत्य के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता बनाए रखने



की प्रेरणा देता है। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्व है, जो मां दुर्गा की आराधना और शक्ति की उपासना को समर्पित है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व में श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इसी के साथ भक्तजन नौ दिनों तक व्रत, उपवास, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से माता की आराधना कर परिवार एवं समाज के मंगल की कामना करते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिर में भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार एवं समाज की मंगलकामना की।

इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री माखन सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता पवन पटेल, संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, सोसायटी अध्यक्ष पवन साहू, रमेश शर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी, रूपलाल ध्रुव, गोविंद साहू, हीरामन निषाद, होरीलाल साहू, कमलेश ध्रुवंशी, उदयराम मोंगरे, तोरण लाल ध्रुव सहित श्रद्धालुगण उपस्थित थे।


दक्षिण कोशल की सांस्कृतिक परंपरा में कलचुरी वंश का प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में स्थित खल्लारी को अब तक मुख्य रूप से धार्मिक आस्था, मां खल्लारी के मंदिर और वार्षिक मेले के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इसके इतिहास का एक महत्वपूर्ण पक्ष कलचुरी राजवंश से भी जुड़ा हुआ है।ऐतिहासिक आलेखों और अभिलेखों में उपलब्ध संदर्भ इस क्षेत्र को दक्षिण कोशल की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा तथा कलचुरी शासकों के प्रभाव के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने का आधार देते हैं। सवाल यह है कि क्या खल्लारी कभी कलचुरी वंश की राजधानी रहा होगा? इस संभावना पर इतिहास, अभिलेखों और स्थानीय विरासत के आधार पर नए सिरे से चर्चा की जरूरत है।

प्राचीन काल में छत्तीसगढ़ के बड़े भूभाग को दक्षिण कोशल के नाम से जाना जाता था। रामायणकालीन परंपराओं में इस क्षेत्र का संबंध भगवान श्रीराम के वनगमन, माता कौशल्या और दंडकारण्य से जोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान में इन मान्यताओं का विशेष स्थान है। समय के साथ इस क्षेत्र की राजनीतिक सीमाएं, शासक और नाम बदलते रहे। खैरागढ़ रियासत के कवि दलपत राव की रचना में 'छत्तीसगढ़' शब्द के प्रयोग का संदर्भ भी इस नाम के ऐतिहासिक विकास की चर्चा में उल्लेखनीय है।

खल्लारी में धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं के साथ ऐतिहासिक पर्यटन को भी विकसित किया जा सकता है। इसके लिए इतिहासकारों,



पुरातत्वविदों और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त पहल उपयोगी होगी। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का ऐतिहासिक सर्वेक्षण, पुराने दस्तावेजों का संकलन, स्थानीय परंपराओं का अभिलेखनीकरण तथा सूचना पट्टों की स्थापना से पर्यटकों को इस क्षेत्र की बहुआयामी विरासत से परिचित कराया जा सकता है। बागबाहरा निवासी डॉ. विजय देशपांडे के अनुसार खल्लारी का धार्मिक महत्व निर्विवाद है। यहां का मंदिर, स्थानीय धार्मिक परंपराएं और वार्षिक मेला इस क्षेत्र की पहचान हैं। लोकगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक कला, सामाजिक मेल-मिलाप और धार्मिक अनुष्ठानों की जीवंत झलक देखने को मिलती है। यह आयोजन स्थानीय संस्कृति को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। लेकिन खल्लारी को कलचुरी राजवंश की राजधानी मानने के दावे को स्थापित करने के लिए संबंधित काल के शिलालेख, ताम्रपत्र, पुरातात्विक अवशेष, राजस्व अभिलेख और प्रामाणिक इतिहास ग्रंथों का तुलनात्मक अध्ययन जरूरी होगा। यदि ऐसे प्रमाण सामने आते हैं, तो खल्लारी की पहचान धार्मिक स्थल से बढ़कर छत्तीसगढ़ की राजनीतिक और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भी स्थापित हो सकती है। खल्लारी की ऐतिहासिक भूमिका पर शोध की जरूरत भी है।

कलचुरी राजवंश लंबा शासनकाल

कलचुरी शासकों का छत्तीसगढ़ के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। विभिन्न ऐतिहासिक संदर्भों में कलचुरी राजवंश के शासन, उसकी वंश परंपरा और क्षेत्रीय विस्तार का उल्लेख मिलता है। एक ऐतिहासिक आलेख के अनुसार, कलचुरी संवत की शुरुआत 248 ईस्वी से मानी गई है और इस वंश का शासनकाल लगभग 550 ईस्वी से 1750 ईस्वी तक बताया गया है। हालांकि, इन तिथियों और अलग-अलग शाखाओं के शासनकाल को प्रमाणित ऐतिहासिक स्रोतों के आधार पर अलग-अलग समझना जरूरी है। कलचुरी शासकों को चंद्रवंशी परंपरा तथा सहस्त्रार्जुन की वंश परंपरा से जोड़ने वाली मान्यताएं भी मिलती हैं। अभिलेखों में इस राजवंश के नाम के अलग-अलग रूप दर्ज होने का उल्लेख किया जाता है। इन संदर्भों से स्पष्ट होता है कि कलचुरी वंश का इतिहास केवल राजनीतिक सत्ता तक सीमित नहीं था, बल्कि धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन पर भी उसका प्रभाव रहा।